वृक्ष वाटिका में जैव विविधता पर कार्यशाला का आयोजन

रानीगंज वृक्ष वाटिका में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते संयुक्त निदेशक।

- बिहार में सौ कार्यशाला की जाएगी आयोजित
- रानीगंज वृक्ष वाटिका में हुआ आयोजन

रानीगंज, एक संवाददाता। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद एवं जिला वन प्रमण्डल के की ओर से बुधवार को रानीगंज वृक्ष वाटिका परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय और उप निदेशक मिहिर कुमार झा ने किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में फारबिसगंज वन प्रक्षेत्र के चारों प्रखण्डों नरपतगंज, भरगामा, फारबिसगंज और रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यंक्ष, सचिव के अलावे दो सदस्य व ग्राम पंचायत के प्रबुद्ध जन, पर्यावरणविद, कृषि से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यशाला में जैव विविधता प्रबंधन एवं उसके संरक्षण के महत्त्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। जैव विविधता को लेकर जैव विविधता प्रबंधन समिति के दायित्वों व उनके अधिकारों पर चर्चा की गयी। राज्य जैव विविधता के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय ने बताया कि पंचायतों में प्रकृतिक महत्व के भूखण्ड एवं वास स्थल, झील, नदी तट, नदी खण्ड, विलक्षण किस्म के कृषि या बागवानी के स्थल की जानकारी व उनके संरक्षण के कार्य प्रभावी रूप से की जाय। जिले के जैव विविधिता एवं जैव विविधता संबंधी स्थानीय पहलुओं में कृषि, पशुपालन, मत्स्यकी, भौगोलिक परिस्थिति की जानकारी दी गई। हमलोगों को पूरे बिहार में सौ कार्यशाला करनी है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद राज्य के सभी समितियों का सशक्तीकरण कर उन्हे सक्रिय बनाने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन क्षेत्र पदाधिकारी दिनेश यादव, राधेश्याम राय, वन कर्मी संतोष यादव, रामजी पासवान आदि थे।